दैनिक जागरण
28-02-2025

# जीएमएन कालेज में रैली निकाल दिया व्यक्तिगत स्वच्छता का संदेश




जीएमएन कालेज के विद्यार्थी जागरूकता रैली निकालते हुए। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के अंग्रेजी विभाग और स्वच्छता एवं स्वास्थ्य क्लब ने सतत विकास लक्ष्य क्लब के सहयोग से व्यक्तिगत स्वच्छता पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में कालेज के स्टाफ सदस्यों के साथ लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को प्रेरित किया और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। बताया स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करती है, बल्कि बीमारियों की रोकथाम और संपूर्ण कल्याण को भी बढ़ावा देती है। छात्रों ने कालेज के आसपास के क्षेत्रों में जाकर लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कालेज के स्टार्टअप सैल ने सृजन स्टार्ट-अप सेंटर के सहयोग से फैब्रिक पेंटिंग पर एक जीवंत और आकर्षक कार्यशाला का आयोजन किया। स्टार्टअप सैल फैब्रिक पेंटिंग वर्कशाप, डिजिटल कौशल और कलात्मक अभिव्यक्ति के सम्मिश्रण के साथ रचनात्मकता को प्रज्वलित करता है।

इस दौरान सृजन स्टार्ट-अप सेंटर के संस्थापक कपिल मदान, सीईओ रितिक, शाखा प्रबंधक सागरिका ने विद्यार्थियों को उक्त विषय पर महत्वपूर्ण टिप्स दिए।